सावधान रहें!

मोबाइल टावर इंस्टालेशन के लिए धोखाधड़ी वाले ऑफर से

01 ट्राई या दूरसंचार विभाग मोबाइल टावर स्थापित करने के लिए परिसर को पट्टे/किराए पर लेने के लिए कोई "अनापत्ति प्रमाणपत्र/अनुमति पत्र" जारी नहीं करता है।

02 आपके परिसर में मोबाइल टावर लगाने के लिए पैसे की मांग करने वाली किसी भी कंपनी/व्यक्ति से सावधान रहें।

03 एक मोबाइल टावर टेलीकॉम सेवा प्रदाता (टीएसपी) या इंफ्रास्ट्रक्चर प्रदाता (आईपी-1) द्वारा उनकी लाइसेंसिंग/पंजीकरण शर्तों के अनुसार स्थापित किया जा सकता है। किसी भी ऑफर पर विचार करने से पहले, दूरसंचार विभाग की वेबसाइट से टीएसपी/आईपी-1 की प्रामाणिकता की जॉच करें।

04 कोई भी व्यक्ति या संस्था जो धोखाधड़ी से ऐसी गतिविधि में शामिल पाया गया जैसे; (i) मोबाइल टावर लगाने के नाम पर अग्रिम राशि आदि लेना; (ii) ट्राई के नाम/लोगो/सिफारिशों या राष्ट्रीय प्रतीक का उपयोग करना आदि, तो ऐसा करने पर लागू कानून के तहत उनके विरुद्ध मुकदमा चलाया जा सकता है।

शुरुआती शुल्क चुकाने के बाद मोबाइल टावर लगाने के लिए ऊंचे किराए का वादा?

सावधान!

किसी भी संदेह की स्थिति में, कृपया दूरसंचार विभाग की स्थानीय क्षेत्रीय इकाइयों से संपर्क करें।

टावर धोखाधड़ी का तरीका



सत्यमेव जयते

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण
(आईएस/आईएसओ 9001:2008 प्रमाणित)
महानगर दूरसंचार भवन
जवाहरलाल नेहरू मार्ग, नई दिल्ली-110002
वैबसाइट: www.trai.gov.in

भादूविप्रा
TRAI